कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्याः-2266 /1जी- FP/UK/ROAD/23279/2016 देहरादूनः दिनांकः 01 ~~दिसम्बर~~ जनवरी, 2018

सेवा में,

प्रभारी सचिव,
वन एवं पर्यावरण अनुभाग-4,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः- जनपद-नैनीताल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत लोहाली से थुवा मार्ग निर्माण हेतु **4.9875** है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु ग्रा0वि0वि0 को प्रत्यावर्तन। **FP/UK/ROAD/23279/2016**

महोदय,

उपरोक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव शासन को ऑनलाइन प्रेषित किया गया है। उक्त प्रस्ताव की हार्ड कापी संलग्न कर प्रेषित की जा चुकी है। अतः जनहित में प्रस्ताव सैद्धान्तिक स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

(विनोद कुमार)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी

संख्या /1जी- **FP/UK/ROAD/23279/2016** तददिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक (केन्द्रीय) भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, (उत्तर-मध्य क्षेत्र), 25 सुभाष रोड़, देहरादून।
2. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
3. मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ, नैनीताल।
4. वन संरक्षक, दक्षिणी कुमॉऊ वृत्त, नैनीताल।
5. जिलाधिकारी, नैनीताल।
6. प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, ग्रा0वि0वि0, ज्योलीकोट (नैनीताल)।

(विनोद कुमार)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी

# भाग—IV

(नोडल अधिकारी अथवा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अथवा अध्यक्ष, वन विभाग द्वारा भरे जाने के लिये)

परियोजना का नामः—जनपद—नैनीताल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत लोहाली से थुवा मार्ग निर्माण हेतु **4.9875** है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु ग्रा0वि0वि0 को प्रत्यावर्तन। **FP/UK/ROAD/23279/2016**

1. टिप्पणी के साथ प्रस्ताव को स्वीकार करने या अन्यथा के लिये राज्य वन विभाग की विस्तृत राय और निर्दिष्ट सिफारिशें। (राय देते समय, सम्बन्धित वन संरक्षक अथवा उप वन संरक्षक की प्रतिकूल टिप्पणी की सुस्पष्ट समीक्षा की जाय और विवेचनात्मक टिप्पणी दी जाय):

उपरोक्त योजना हेतु नैनीताल वन प्रभाग में 3.71 है0 आरक्षित वन भूमि 0.9275 है0 पंचायत वन भूमि एवं 0.35 है0 सिविल सोयम भूमि अर्थात कुल 4.9875 है0 वन भूमि का हस्तान्तरण प्रस्तावित है जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि उपरोक्त मोटर मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वन भूमि का सम्मिलित होना अनिवार्य है। प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल तथा वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, नैनीताल द्वारा भी प्रस्ताव पर अपनी संस्तुति की गई है। अतः **जनपद——नैनीताल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत लोहाली से थुवा मार्ग निर्माण** के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रेषित करने की संस्तुति की जाती है।

हस्ताक्षरः

नाम व पदनामः (विनोद कुमार भा.व.से.)
अपर प्रमुख वन संरक्षक, वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड
Addl. P.C.C.F./N.O.
Land Survey Directorate
Dehradun

सरकारी मोहरः
तिथि : 01/1_/2017
स्थान : देहरादून